F. No. Y-18/1/2018-BFL
भारत सरकार
Government of India
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय
Ministry of Food Processing Industries
पंचशील भवन, अगस्त क्रांति मार्ग
Panchsheel Bhawan, August Kranti Marg
नई दिल्ली/**New Delhi-110049**

दिनांक: 12.02.2019

सूचना

विषयः प्रधानमंत्री किसान सम्पदा योजना की बैकवर्ड एवं फारवर्ड लिंकेज सृजन स्कीम के अंतर्गत एसटी तथा पूर्वोत्तर क्षेत्र के वित्तीय सहायता के लिए प्रस्तावों/ईओआई के आमंत्रण/प्रस्तुत करने की तारीख में विस्तार के संबंध में ।

यह, प्रधानमंत्री किसान सम्पदा योजना की बैकवर्ड एवं फारवर्ड लिंकेज सृजन स्कीम के अंतर्गत बैकवर्ड एवं फारवर्ड लिंकेजों के सृजन हेतु भावी प्रमोटरों/निवेशकों से प्रस्तावों के आमंत्रण के लिए इस मंत्रालय की वेबसाइट पर अपलोड की गयी तथा विभिन्न समाचार-पत्रों में दिनांक 07.03.2018 को प्रकाशित की गयी अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) की सूचना के संदर्भ में है । प्रस्ताव/ईओआई प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख दिनांक 31.12.2018 अथवा उससे पूर्व की थी । **तथापि, एसटी परियोजनाओं तथा पूर्वोत्तर क्षेत्र (एनईआर) की परियोजना के लिए ईओआई/प्रस्ताव प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख को अब दिनांक 30.04.2019 के अपराह्न 5:00 तक के लिए बढ़ा दिया गया है ।**

एसटी/एनईआर वर्ग के इच्छुक प्रमोटर/निवेशक अपने प्रस्ताव केवल **ऑनलाइन पोर्टल अर्थात,** http://sampada-mofpi.gov.in/linkages/Login.aspx **पर दिनांक 30.04.2019** को अथवा उससे पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं । दिनांक 07.03.2018 की ईओआई में दी गई सभी अन्य शर्तें यथावत रहेंगी ।

इसे सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया गया है ।

(विनीत शर्मा)
निदेशक, खाप्रउमं
दूरभाष सं. 011-26406518
ई-मेलःcbfl-mofpi@gov.in